>

Title: Regarding the damage of crops due to unseasonal rains and hailstorm in Betul, Madhya Pradesh.

श्री दुर्गा दास उईके (बैतूल): माननीय अध्यक्ष जी, आपने मुझे शून्य काल में बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपके प्रति आभार व्यक्त करता हूं ।

मेरे लोक सभा क्षेत्र बैतूल-हरदा-हरसूद में भारी ओलावृष्टि और भीषण वृष्टि की वजह से फसल की तबाही हुई है । प्रदेश की सरकार इस दिशा में ध्यान नहीं दे पा रही है ।

मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार के माननीय मंत्री जी से प्रार्थना करना चाहता हूं कि मेरे लोक सभा क्षेत्र में ओला वृष्टि से जो क्षति पहुंची है, उसका संज्ञान लेने की वे कृपा करें । धन्यवाद ।

माननीय अध्यक्ष: श्री कुलदीप राय शर्मा और श्री सी.पी. जोशी को श्री दुर्गा दास (डी.डी) उईके द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।